प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के हंगामे के बीच सरकार ने पेश किया 4 हजार 833 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट।**
2. **सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका को किया खारिज, झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार।**
3. **गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर लोकसभा में उठाया झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार का मामला, केन्द्र सरकार से राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का किया अनुरोध।**
4. **सावन की दूसरी सोमवारी पर राज्य के शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़, देवघर के बाबा मंदिर में अब तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक।**
5. **राज्य में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, मौसम विभाग ने सरायकेला, सिंहभूम और हजारीबाग समेत कई जिलों में दो अगस्त तक भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, वज्रपात की भी चेतावनी।**

****

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन की शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं हंगामे के बीच 4 हजार 833 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरावं ने पेश किया। अनुपूरक बजट पेश होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

****

इससे पहले भाजपा के विधायकों ने संताल परगना में डेमोग्राफी बदलने का आरोप लगाते हुए सदन के भीतर जमकर नारेबाजी की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा पूरे राज्य में डेमोग्राफी बदली है और संताल परगना इससे ज्यादा प्रभावित है।

इधर, झामुमो विधायकों ने भी सदन के बाहर भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि चुनाव को प्रभावित करने के लिए ही भाजपा के लोग संथाल परगना को आधार बना रहे हैं लेकिन वे अपनी मंशा में कामयाब नहीं होंगे।

****

इधर कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठ को आधार बनाकर भाजपा राज्य की आदिवासी महिलाओं का अपमान कर रही है और विपक्ष को इसके लिए सदन में माफी मांगनी चाहिए।

****

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय– ईडी की उस याचिका को आज खारिज कर दिया, जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत देने के हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि शीर्ष अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी कहा कि न्यायालय से उन्हें न्याय की उम्मीद थी। मलाल सिर्फ इस बात का है कि विरोधियों ने साजिश कर उनका लंबा समय बर्वाद कर दिया, जिसका सदुपयोग वे राज्यहित में कर सकते थे।

****

इधर, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में अदालत ने ही भेजा था और उन्हें जमानत भी अदालत ने ही दिया है। अदालत का फैसला सर्वोपरि है।

****

लोकसभा में आज गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर संताल परगना में आदिवासियों की घटती संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए राज्य सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने पाकुड़ में आदिवासी छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना का जिक्र करते हुए केन्द्र सरकार से झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने का अनुरोध किया।

****

जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को पांच दिनों की इडी रिमांड दी गयी है। आज इडी की ओर से उसे पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया गया था।

****

टेंडर घोटाला मामले में ईडी की टीम ने आज गढ़वा में फरार आरोपी हृदय आनंद तिवारी के घर में इश्तेहार चिपकाया। 25 जुलाई को इश्तेहार जारी किया गया है और अगले 30 दिनों के अंदर हाजिर होने के लिए कहा गया है।

****

गोड्डा जिले के पथरगामा सरकारी अस्पताल में अब सीएचसी की सुविधा मिल पायेगी। जानकारी

****

सावन की दूसरी सोमवारी पर राज्यभर के शिवालयों में जलार्पण के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। देवघर स्थित बाबा मंदिर में सुबह चार बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरु हो गया। अब तक एक लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने जलार्पण कर लिया है। उधर, दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में भी भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। रांची के पहाड़ी मंदिर समेत राज्य के अन्य शिवालयों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

****

राज्य में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्य के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी येलो अलर्ट जारी की है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि दो अगस्त तक सरायकेला–खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और हजारीबाग में मूसलाधार बारिश का अनुमान है।